आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :466 पृष्ठ -4 दिनांक 01 मई 2025 दिन गुरूवार

## अयोध्या में आज टूटेगी सदियों पुरानी परंपरा

### हनुमानगढ़ी मंदिर के परिसर से बाहर निकलेंगे और रामलला के दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचेंगे

उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में 30 अप्रैल को इतिहास रचने जा रहा है. हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन प्रेमदास जी महाराज पहली बार मंदिर परिसर से बाहर निकलेंगे और रामलला के दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचेंगे. कल अक्षय तृतीया के अवसर पर यह ऐतिहासिक क्षण साक्षी बनेगा जब सदियों पुरानी परंपरा टूटेगी.प्रेम दास जी महाराज के हनुमानगढ़ी से निकलने के लिए निर्वाणी अखाड़ा के पंचों और सभी धार्मिक निकायों की सहमति के ये फैसला लिया गया है. अब प्रेमदास जी को राम मंदिर जाने की अनुमति दी गई है. खुद प्रेमदास जी ने अपने जीवनकाल में यह इच्छा जाहिर की थी कि वह एक बार रामलला के दर्शन करें.30 अप्रैल को गद्दीनशीं प्रेमदास जी शाही जुलुस के साथ हनुमानगढ़ी से निकलेंगे. जुलुस में हाथी, ऊंट, घोड़े, नागा साधु, शिष्य और भारी




संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और व्यापारी शामिल होंगे. यह जुलूस पहले सरयू घाट पर पहुंचेगा, जहां महंत और नागा साधु स्नान करेंगे. इसके बाद जुलूस राम मंदिर की ओर प्रस्थान करेगा.इस दौरान पुष्पवर्षा भी होगी.बता दें कि हनुमानगढ़ी को अयोध्या का संरक्षक माना जाता है. मान्यता है कि हनुमान जी यहां के कोतवाल हैं और प्रभु श्रीराम की पूजा से पहले उनके दर्शन और आशीर्वाद लेना आवश्यक है. जब से इस मंदिर की स्थापना हुई थी, तभी से एक परंपरा चली आ रही थी कि गद्दीनशीं महंत कभी मंदिर परिसर नहीं छोड़ते. अब पहली बार इस नियम को सर्वसम्मति से शिथिल किया गया है.

## यूपी वालों की जेब पर तगड़ा झटका, कल से बढ़ गए दूध के दाम

उत्तर प्रदेश के लोगों को कल यानी बुधवार 30 अप्रैल से दूध की ज्यादा कीमतें अदा करनी होंगी. समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार मदर डेयरी ने अपने उत्पादों के दाम में बढ़ोतरी की है.जानकारी के अनुसार बढ़ती लागत की भरपाई के लिए बुधवार से दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है. कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कीमतों में यह संशोधन 30 अप्रैल, 2025 से पूरे बाजार में लागू होगा. मदर डेयरी के अधिकारी ने कहा,श्खरीद लागत में वृद्धि को संबोधित करने के लिए यह मूल्य संशोधन आवश्यक हो गया है, जो पिछले कुछ महीनों में 4–5 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ गया है.श्अधिकारी ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत और लू की स्थिति के कारण है खरीद की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई. उन्होंने कहा कि हम अपने किसानों का समर्थन करते हुए उपभोक्ताओं को दूध की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.अब टोंड दूध (बल्क वेंड) की कीमत 54 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 56 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है. फुल क्रीम दूध (पाउच) की कीमत 68 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 69 रुपये प्रति लीटर होगी.वहीं टोंड दूध (पाउच) की कीमत 56 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डबल टोंड दूध की कीमत 49 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 51 रुपये प्रति लीटर होगी. गाय के दूध की कीमत 57 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 59 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है.

### अखिलेश यादव पर भड़के मायावती के भतीजे आकाश आनंद, लगाया सोची समझी साजिश करने का आरोप

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के नेता आकाश आनंद ने बड़ा बयान दिया है. आनंद ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश को लेकर बयान जारी किया. आनंद ने कहा कि हमारे परमपूज्य भारत. रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर के साथ जो छेड़छाड़ सपा के लोगों ने की है वह अक्षम्य अपराध है. और समाजवादी पार्टी की तरफ से इसपर माफी ना मांगना ये साबित करता है कि ये एक सोची समझी साजिश है जिसके सूत्रधार सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं.उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा से दलित विरोधी ही रही हैं और समय–समय पर इनकी दलित विरोधी हरकतें सामने आ ही जाती हैं.इस पोस्टर को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, एमएलसी डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, राज्यसभा सदस्य बृजलाल, विधायक मीनाक्षी सिंह और प्रो. श्याम बिहारी लाल ने इसे बाबा साहब के सम्मान के साथ खिलवाड़ करार देते हुए सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि अखिलेश यादव को दलितों ने अपना नेता मान लिया है

## यूपी के इन जिलों के लोग आज रहें सावधान! चेतावनी जारी जाने मौसम विभाग ने क्या बताया?

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से कई जिलों में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम का मिजाज कुछ बदल गया है. लोगों को तपती धूप और दोपहरी से राहत मिली है. इन दिनों मौसम हल्का सुहाना महसूस हो रहा है. मौसम में आया ये बदलाव अगले कुछ दिन जारी रहेगा.मौसम विभाग ने इस हफ्ते 5 मई तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है. मई महीने की शुरुआत में प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे लोगों को राहत मिलेगी. पहले के मुकाबले इन दिनों मौसम में ठंडक महसूस हो रही है. मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बारिश होने का अनुमान जताया गया है. आज (19 अप्रैल) पश्चिमी यूपी में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. इस दौरान 25–35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं और धूल भरी आंधी चलने की चेतावनी जारी की गई है. पूर्वी संभाग में भी ऐसा ही मौसम रहेगा. हालांकि, गुरुवार को पूर्वी यूपी के ज्यादातर इलाकों में झमाझम बारिश हो सकती है, जिससे



तापमान में और गिरावट आएगी. एक मई से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे अगले चार पांच दिनों तक तेज आंधी तूफान के साथ बारिश का ये सिलसिला जारी रहने का अनुमान है. बारिश की वजह से तापमान में भी गिरावट आएगी. अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे 2–3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान गिर सकता है. हालांकि, न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं आएगा. सोमवार को उरई, झांसी, आगरा, बांदा और लखीमपुर खीरी में सर्वाधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया. यहां अधिकतम तापमान 40–43 डिग्री सेल्सियस तक रहा. इन जिलों में आंधी तूफान के साथ बारिश का अलर्ट बुधवार को यूपी के 32 जिलों में धूल भरी आंधी और मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है. यूपी में आज रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, प्रयागराज, जौनपुर, संत कबीर नगर, मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया और मऊ में एक या दो जगहों पर बारिश का अलर्ट है. इसके साथ ही श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में कई जगहों पर तेज बारिश का अनुमान है.

## यूपी में बच्चों के लिए योगी सरकार ने की खास योजना, पहले इन 10 जिलों में शुरू होगा काम

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के अनाथ, बेसहारा और कठिन हालात में जीवन जी रहे बच्चों के लिए एक बड़ी पहल की है. मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के तहत सरकार अब प्रदेश के 10 जिलों में ऐसे बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधायुक्त आश्रय गृह बनाएगी. इन बाल आश्रय गृहों में बच्चों को न सिर्फ रहने की सुविधा मिलेगी, बल्कि उनके पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा.महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही इस योजना में पहले चरण में वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी और कानपुर देहात जिलों में 100–100 बच्चों की क्षमता वाले कुल 10 बाल गृह बनाए जाएंगे. इनमें से एक बालिका गृह, एक बालक गृह, सात किशोर संप्रेक्षण गृह (जिनमें किशोर न्याय बोर्ड भी शामिल होगा) और एक 'प्लेस ऑफ सेफ्टी' गृह स्थापित होगा. इन सभी भवनों का निर्माण राज्य सरकार करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से कराएगी. सरकार चाहती है कि कोई भी बच्चा भूखा, अशिक्षित या असुरक्षित न रहे. इसके लिए इन गृहों में बच्चों को गर्म और पौष्टिक



खाना, पढ़ाई की अच्छी व्यवस्था, खेलकूद और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी. साथ ही, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हुनरमंद बनाने वाले कौशल प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे. डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, उत्तर प्रदेश में हजारों ऐसे बच्चे हैं जो या तो माता–पिता से बिछड़ गए हैं, या उन्हें किसी ने अपनाया नहीं है. ऐसे बच्चों के लिए यह योजना जीवन में नई उम्मीद और नया रास्ता खोल सकती है.इससे पहले 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'मिड–डे मील योजना में पोषण सुधार', और सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास जैसे कार्यक्रमों के जरिए बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है. मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना उसी कड़ी का एक और मजबूत कदम है. सरकार का कहना है कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि हर उस बच्चे के लिए एक नई जिंदगी की शुरुआत है, जिसे समाज ने अब तक नजरअंदाज किया है. इस पहल से यूपी न सिर्फ देश के दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण पेश करेगा, बल्कि इन मासूम बच्चों को भी एक सुरक्षित और उज्जवल भविष्य मिलेगा.

## गोंडा की सास–दामाद लव स्टोरी में नया मोड़, महिला के पति ने किया चौंकाने वाला दावा

उत्तर प्रदेश से इन दिनों अनोखी लव स्टोरी सामने आ रही हैं, शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो जब इस तरह की खबरें सामने नहीं आती हों. अलीगढ़ की सास सपना और दामाद राहुल की लव स्टोरी को लोग भूले भी नहीं थे, कुछ इसी तरह मामला उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से सामने आया है. गोंडा में होने वाला दामाद अपनी सास को लेकर फरार हो गया. यह मामला मीडिया में आया तो अब इस महिला के पति का चौकाने वाला बयान सामने आया है. पति के दावे के बाद इस खबर पर विराम लगता नजर आ रहा है. दामाद के साथ भागी महिला ऊषा देवी के पति ने पूरी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है. महिला के पति ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरी पत्नी का दिमागी हालत ठीक नहीं थी, इस कारण से वह चली गई थी. फिलहाल पूरे मामले में पुलिस ने गायब महिला ऊषा देवी को बरामद कर उसके पति को सौंप दिया है. साथ ही इस मामले की पड़ताल कर रही है.गोंडा जिले की खोडारे थाने की पुलिस ने 72 घंटे के अंदर ही 44 वर्षीय सास उषा देवी को बरामद कर खोडारे ले आई. पूछताछ के बाद उषा देवी को उसके पति किशन के सुपुर्द कर दिया है. अब पति किशन अपनी पत्नी उषा देवी को लेकर के अपने घर पर रवाना हो गए हैं. 9 मई को उषा देवी के बेटी की शादी है. सास उषा देवी के दामाद राम स्वरूप को बस्ती थाने की दुबौलिया पुलिस द्वारा पूछताछ करके छोड़ दिया गया. दरअसल खोडारे थाना क्षेत्र अंतर्गत हबीरपुर की रहने वाली 44 वर्षीय उषा देवी 25 अप्रैल की सुबह 7रू00 बजे बिना कुछ बताए घर से फरार हो गई थी. परिजनों के काफी खोजबीन करने पर जब उषा देवी का पता नहीं चला तो 27 अप्रैल को मामला पुलिस के पास पहुंचा.उषा देवी ने अपने बेटी की शादी बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भुईरा गांव के रहने वाले राम स्वरूप से तय की थी. शादी तय होने के बाद दोनों आपस में बातचीत करने लगे. इस दौरान होने वाले दामाद राम स्वरूप ने उषा देवी के बेटी से शादी करने से मना कर दिया. युवक राम स्वरूप अपनी सास उषा देवी से बातचीत करना शुरू कर दिया. दोनों के बीच बातचीत प्यार में बदल गई.दामाद राम स्वरूप के प्यार में आकर के उषा देवी बीते 25 अप्रैल को उसके साथ चली गई थी.उषा देवी के पति कृष्ण ने बताया कि हमारी पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. वह 25 अप्रैल को सुबह 7रू00 बजे निकल गई थी. वह कटरा चली गई थी, दुबौलिया थाने की पुलिस ने बरामद करके थाने लाया. वहां से हम लोग लेकर के यहां पर आए हैं. उषा के पति ने दावा किया है मेरी पत्नी को लेकर फर्जी तरीके से अफवाह फैलाई जा रही है. जिस युवक पर आरोप लगा है उससे शादी कैंसिल कर दी है. अब दूसरे लड़के के साथ 9 मई को मेरी बेटी की शादी है.

## इटावा प्रेमिका से मिलना प्रेमी को पड़ा भारी, युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में प्रेमिका से मिलने गए एक युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी. पुलिस ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि चौबिया थाना क्षेत्र के खेड़ा हेलू गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है.चौबिया थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विपिन कुमार ने बताया कि सोमवार–मंगलवार की दरमियानी रात लवकुश (18) नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. उन्होंने बताया कि हत्या उस समय हुई, जब युवक इसी गांव में रहने वाली अपनी प्रेमिका से उसके घर मिलने गया था. अधिकारी ने बताया कि रात के सन्नाटे में गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव वालों की नींद खुल गयी और जब गांव वाले मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अनिल कुमार नाम के व्यक्ति के घर के सामने गली में लवकुश का शव खून से लथपथ पड़ा था.उन्होंने बताया कि लवकुश के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी. अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में सामने आया कि औरैया जिले का रहने वाला लवकुश अपने बहनोई–बहन के घर खेड़ा हेलू में रह रहा था और उसका आरोपी की बेटी के साथ प्रेम संबंध था. उन्होंने बताया कि लवकुश रात को प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था और वह घर की दीवार के सहारे ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा था कि तभी आरोपी ने उसे गोली मार दी और वह नीचे गिर गया. अधिकारी ने बताया कि हत्या का आरोप पीड़ित परिवार द्वारा अनिल कुमार पर लगाया गया है. पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार को हिरासत में ले लिया और हत्या में इस्तेमाल हथियार को जब्त कर लिया. अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## गंगोत्री धाम के कपाट खुले, पीएम मोदी के नाम से हुई पहली पूजा, सीएम धामी ने किए दर्शन

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा का शुभारंभ आज अक्षय तृतीया के पावन पर्व से हो गया है. इस खास अवसर पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विधिवत रूप से खोल दिए गए. विशेष बात यह रही कि इस बार गंगोत्री धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं धाम पहुंचकर मां गंगा की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया.गंगोत्री धाम में आज सुबह ठीक 10.30 बजे अभिजीत मुहूर्त में गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए. श्रद्धालुओं, तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों ने उल्लासपूर्वक मां गंगा का स्वागत किया. धाम में पारंपरिक ढंग से पूजा–अर्चना हुई और पूरे क्षेत्र को भव्य रूप से सजाया गया.सीएम धामी ने इस अवसर पर कहा कि गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है. उन्होंने प्रदेशवासियों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने पीएम मोदी के नाम से की गई पहली पूजा को गौरव का विषय बताया.गंगोत्री धाम के कपाट अब आगामी छह महीनों तक श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे. इस अवधि में लाखों श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन और पूजा के लिए गंगोत्री आएंगे. उधर यमुनोत्री धाम के लिए भी भक्तों का रेला निकल पड़ा है. दोनों धामों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन उद्योग को भी गति मिलने की उम्मीद है. इस बीच केदारनाथ धाम को भी सजाने–संवारने का काम जोरों पर है. मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है और कपाट दो मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे. प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की हैं. चारधाम यात्रा का प्रारंभ श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ हुआ है, जो आने वाले महीनों में तीर्थाटन और धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देगा.

# हाथरस में एक्सीडेंट में युवक की मौत

## मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने गया था, वाहन चालक मौके से फरार

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बिचपुरी निवासी अजय पुत्र पूरन सिंह के रूप में हुई है। घटना मुरसान–सादाबाद रोड पर गांव पटाखास के पास हुई। अजय अपनी मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने सादाबाद गया था।वापस लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अजय की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने अजय को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों में मचा कोहराम... दुर्घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अजय अविवाहित था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन चालक की तलाश जारी है। अजय की मौत के बाद उसके परिजनों में को. हराम मच गया।

# हाथरस में रेलवे ट्रैक पर मिली लाश,मानसिक रूप से था बीमार

हाथरस में एक दुखद घटना सामने आई है। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के नगला तंदुला निवासी 48 वर्षीय विनोद पुत्र सुरेश चंद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मथुरा रोड स्थित बौहरे वाली देवी मंदिर के सामने पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर हुई।विनोद की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। वह अचानक अपने घर से लापता हो गया। इसके बाद उसकी डेडबॉडी रेलवे ट्रैक पर मिली। मौके पर भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य भी पहुंचे... थोड़ी देर में उसकी पहचान भी हो गई। मृतक की पहचान होने के बाद परिवार के सदस्य भी घटनास्थल पर पहुंचे। विनोद अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हाथरस में अक्षय तृतीया के अवसर पर हाथरस में भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया गया



हाथरस में अक्षय तृतीया के अवसर पर हा. थरस में भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण कृपा भवन आगरा रोड पर ब्रज कला केंद्र की ओर से विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन हुआ। धर्माचार्य राकेश पाठक ने मंत्रोच्चारण के साथ संस्था अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य से भगवान परशुराम की प्रतिमा का पंचाभिषेक कराया। श्री युवा ब्राह्मण महासभा ने मातृ छाया केंद्र पर जयंती समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन और अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सुख–समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में विशेष रूप से मातृ छाया केंद्र में रह रहे अनाथ बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। महासभा के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया।कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष पंडित अविनाश चंद पचौरी, पंडित जयशंकर पाराशर, आशु कवि अनिल बोहरे, श्याम बाबू चिंतन, बृजेश वशिष्ठ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन, युवा और बच्चों की सराहनीय भागीदारी रही। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हाथरस में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया सासनी कस्बे में उन्होंने परशुराम शोभायात्रा का शुभारंभ किया



डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हाथरस में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सासनी कस्बे में उन्होंने परशुराम शोभायात्रा का शुभारंभ किया। पंडित चेतराम धर्मशाला में परशुराम जयंती समारोह में हजारों लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री संदीप सिंह, अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।पाठक ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा देश सेवा और समाज सेवा में अग्रणी रहा है। भगवान परशुराम ने समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पण कर दिया।डिप्टी सीएम ने कश्मीर की हालिया आतंकी घटना का जिक्र करते हुए इस आतंकी घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि भग. वान परशुराम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐसा आशीर्वाद दें, जिससे कि वह सीमा पार बैठे अपने दुश्मनों का सफाया कर सकें।स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान पाठक ने सासनी सीएचसी का निरीक्षण किया। एंबुलेंस सेवाओं की जानकारी पर सीएमओ के असंतोषजनक जवाब पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। रिक्त पदों के संबंध में शासन को भेजे गए पत्र को लेकर भी लापरवाही सामने आई। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जब डिप्टी सीएम ने पूछा कि क्या उन्होंने इस जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती को लेकर शासन को पत्र लिखा था। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बोले कि हां वे शासन को पत्र लिख चुके हैं।इस पर डिप्टी सीएम ने फोन पर डीडी से जब जानकारी ली तो डीडी ने बताया कि उन्हें इस तरह का कोई पत्र नहीं मिला है। इस पर डिप्टी सीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजीत सिंह को जमकर फटकार लगाई। बैठक में अन्य जनप्रति. निधियों के अलावा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे।सांसद जनसुनवाई कार्यालय का किया उद्घाटनहाथरस शहर में उन्होंने दयानतपुर स्थित सांसद जनसुनवाई कार्यालय का उद्घाटन भी किया। स्थानीय लोगों ने उनका जोशीला स्वागत किया। इस मौके पर सांसद अनूप प्रधान, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, पूर्व विधायक हरिशंकर माहौर सहित तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर और पूजा अर्चना के साथ हुआ।सभी कमियां जल्दी दूर की जाएगीमीडिया कर्मियों से हुई बातचीत में डिप्टी सीएम ने कहा कि यहां स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों की समीक्षा की गई है। जिले में जो भी कमियां पाई गई है उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। जो विशेषज्ञ चिकि. त्सकों के पद हैं वह भी जल्दी भरे जाएंगे। जिलाधिकारी को भी रिक्त पद भरने का अधिकार दिया गया है। शासन हर स्तर पर हाथरस को नंबर एक पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं में यहां जो भी दिक्कतें हैं उन्हें दूर किया जाएगा।

# सासनी में उपमुख्यमंत्री ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण:CMO को एंबुलेंस सेवा पर फटकार, डीएम को जांच के निर्देश

उत्तर प्रदेश के सासनी में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।स्वास्थ्य केंद्र में पड़े कंडम सामान की तत्काल नीलामी के निर्देश दिए गए। जब उपमुख्यमंत्री ने सीएमओ से एम्बुलेंस सेवा के दैनिक उपयोग के बारे में पूछा, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में रिक्त पदों की स्थिति पर भी सीएमओ ने शासन को पत्र भेजने की बात कही। हालांकि, डीडी से फोन पर पूछने पर पता चला कि हाथरस से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने 10 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। साथ ही टीबी के 10 मरीजों को सामान भी दिया गया।उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान जिला स्तर के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाथरस में हमीरपुर की एक नाबालिग लड़की को दूसरे समुदाय के युवक ने शादी का झांसा

हाथरस में हमीरपुर की एक नाबालिग लड़की को दूसरे समुदाय के युवक ने शादी का झांसा देकर हाथरस बुला लिया। युवक सासनी कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। रसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव बरसोली में अपनी बुआ के यहां रहता है। लड़की का परिवार पहले गांव बरसोली में ईंट भट्टे पर काम करता था। तभी से यह युवक इस लड़की के संपर्क में था।ईंट भट्टे पर मजदूरी के बाद छह महीने पहले वे अपने गांव वापस चले गए थे। परिवार को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे तुरंत हमीरपुर से हाथरस पहुंचे। कुछ हिंदूवादी संगठन के लोग भी उनके साथ आए।निकाह करने की बना रहे थे योजना परिवार का आरोप है कि लड़के के पक्ष वाले लड़की को मुस्लिम परिधान पहनाकर निकाह करवाने की योजना बना रहे थे। लड़की की उम्र अभी 14 वर्ष है। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने लड़के और किशोरी को पकड़कर हसायन पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के पिता ने हसायन थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# हाथरस में भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. बीआर आंबेडकर के अपमान के विरोध में धरना–प्रदर्शन

हाथरस में भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. बीआर आंबेडकर के अपमान के विरोध में धरना–प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के नेतृत्व में अलीगढ़ रोड स्थित तमनागढ़ी स्थित आंबेडकर पार्क पर आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने समा. जवादी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की।भा. जपाइयों का कहना था कि समाजवादी पार्टी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ अखिलेश यादव का आधा फोटो लगाया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ३अखिलेश यादव माफी मांगो३ और ३समा. जवादी पार्टी मुर्दाबाद३ जैसे नारे लगाए।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले भी अंबेडकर का अपमान कर चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि सपा के पूर्व मंत्री आजम खान ने बाबा साहब को भ. ू माफिया कहा था।विरोध प्रदर्शन में हरिशंकर राणा, अनुराग अग्निहोत्री, देवेंद्र राघव, शालिनी पाठक, प्रदीप शर्मा, स्मृति पाठक, हरीश सेंगर मीरा माहेश्वरी समेत काफी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण, अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कार्यवाही आदि के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर दिए निर्देश



हाथरस। बीती रात्रि में प्रभाकर चौधरी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र, अलीगढ द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण, अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जनपद हाथरस के समस्त अधिकारियोंध्थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की गई । इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र, द्वारा कानून व्यवस्था व अपराधों की रोक. थाम के संबंध में समीक्षा करते हुए क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों, थानेध्जनपद के टॉप–10 अपराधियों, भूमाफिया, खनन माफिया, शराब माफिया आदि की सूची बनाकर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके क्रियाकलापों की निगरानी करने हेतु निद. ेशित किया गया । साथ ही जनपद में कानून व्यवस्था बेहतर बनाये रखने व शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । साम्प्रदायिक, सामुदायिक अथवा जातीय मामलों में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं घटना स्थल पर पहुँचकर घटना के सम्बन्ध में जाँच करना सुनिश्चित करें एवं अपराध कारित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायें । जनशिकायतों के निस्तारण में विशेष रूचि ली जाये, जनपद प्रभारी से लेकर थाना प्रभारी स्तर तक प्राप्त होने वाली शिकायतोंध्प्रार्थना–पत्रों का मौके पर पहुँचकर, गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण किया जाये ताकि जनता में पुलिस के प्रति सकारात्मक भावना उत्पन्न हो सके। जनता के व्यक्तियों के साथ शालीनता एवं सौम्य व्यवहार करने तथा उसकी समस्या को सुनकर त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा निस्तारित शिकायतों के सम्बन्ध मे समय से फीडबैक लिया जाए । सभी को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के माफियाओं यथा–खनन, शराब, पशु, वन तथा भूमाफियाओं को गैंगेस्टर एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट की परिधि में आने वाले अपराधियों को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनके विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये । साथ ही अवगत कराया कि यदि उक्त टॉप–10 अपराधियों द्वारा किसी और क्षेत्र में अपराध कारित किया जाता है तो इसके लिए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष व सम्बन्धित अन्य पुलिसकर्मियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा । इसके साथ ही अवगत कराया गया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत 14(1) के अन्तर्गत माफियाओं की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें । ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित अभियोग,महिला सम्बन्धी उपराध व हत्या,लूट जैसे गंभीर अपराधों मे शीघ्रता से विचारण की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए ज्यादा से ज्यादा अभियुक्तो को सजा कराने हेतु प्रत्येक गवाह की गवाही निर्धारित तिथि पर अवश्य कराये जाने हेतु संबंधित को निर्दिष्ट किया गया । महिला सम्बन्धी अपराधीध्पोक्सो एक्ट सम्बन्धी प्रकरणो में प्रभारी पैरवी कर अभियुक्तो को जल्द से जल्द सजा कराना शासन की प्राथमिकता है, जिसके लिये सभी लोग ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सु. निश्चित कराये । मीटिंग के दौरान थानों पर अधिक समय से लंबित विवेचनाऐं के बारे में जानकारी की गई तथा थानों पर अनावश्यक रूप से समय से लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । महोदय द्वारा अनावरण हेतु शेष अभियोगों के अनावरण करने एवं महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट, ईसी एक्ट, एससी एसटी एक्ट, गैंगे. स्टर एक्ट आदि के मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए अधिक से अधिक विवेचनाओं के विधिक निस्तारण हेतु सभी क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारियों को निर्दिष्ट किया गया ।इसके साथ ही महोदय द्वारा जनपद हाथरस में पंजीकृत अभियोगों की विवेचना जो अन्य जनपदों से की जा रही है एवं अन्य जनपदों में पंजीकृत अभियोगों की विवेचना जो जनपद हाथरस से की जा रही है के सम्बन्ध में जानकारी की गई एवं उनके शीघ्र ही विधिक निस्तारण करने हेतु निर्दिष्ट किया गया ।

# जिला मजिस्ट्रेट ने गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## डीएम ने मानवता की सच्ची सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म

अलीगढ़ रू जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने बुधवार को ट्रस्ट द्वारा संचालित गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सीय सेवाओं, उपकरणों एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व डीएम ने नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल की पुण्यतिथि पर परिसर में स्थापित स्टैच्यू पर माल्यार्पण भी किया जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के उपरांत चि. कत्सालय में योगदान दे रहे ट्रस्टीगण, नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी मानवता की सच्ची सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनता से पीड़ित व्यक्तियों को रोशनी देना एक पुण्य कार्य है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि चि. कत्सालय की साफ–सफाई, मरीजों के साथ व्यवहार एवं निःशुल्क सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। जिला प्रशासन ऐसे समा. जसेवी कार्यों में हर संभव सहयोग करेगा। डीएम ने इस दौरान मरीज असलम,



डी0के0 वर्मा एवं कुछ अन्य तीमारदारों से भी बात की। डॉ0 अमित कुमार गुप्ता द्वारा संचालित स्वच्छ शाकाहारी भोजनालय में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नकवी ब्लॉक के सम्मुख पौधरोपण भी किया। मधुप लहरी ने बताया कि गांधी आई नेत्र चिकित्सालय की स्थापना 1928 में डॉ0 मो. हनलाल अग्रवाल द्वारा की गई। पद्मश्री डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल का जन्म 1905 में हुआ और अल्प आयु में सन 1962 में वह हम सभी को छोड़कर परमात्मा में विलीन हो गए। उन्होंने डीएम को आजादी से पूर्व की विजटर बुक भी दिखाई। मधुप लहरी ने चिकित्सालय की बेहतरी के लिए कुछ आवश्यकताओं, समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए चिकित्सालय परिसर के पीछे हो रहे जलभराव वाली जमीन का चिकित्सालय हित में सदुपयोग करने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर चिकित. सालय ट्रस्ट के पदाधिकारी सचिव वी0 के0 बजाज, पिंकी भाटिया, अमित नंदन संयुक्त सचिव, सुरेश गोविल कोषाध्यक्ष, डॉ0 अजय सक्सेना, डॉ अमित गुप्ता, मधुप लहरी, पी0के0 माथुर, प्रशासनिक अधिक. ारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेत्र चि. कत्सक डॉ0 प्रीतपाल सिंह ने अन्य नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ओर से डीएम संजीव रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# एसीएम प्रथम सिद्ध दोष बन्दी वारिस अली की मृत्यु की करेंगे मस्जिस्ट्रीयल जाँच

अलीगढ़ सिद्ध दोष बन्दी वारिस अली पुत्र आसिफ अली आयु लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना जवाँ जिला अलीगढ की मृत्यु की घटना प्रकाश में आयी है। उक्त घटना के कारणों की पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व निर्धारण करने के लिए मजिस्ट्रीयल जाँच कराई जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार घटनाक्रम के कारणों के सबंध में विस्तृत जाँच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अनिल कुमार कटियार को जाँच अधिकारी नामित किया गया है।अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अनिल कुमार कटियार ने बताया है कि उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 06 मई 2025 तक किसी भी कार्यदिवस व कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक नवीन भवन कमरा नं0–39 कलेक्ट्रेट, अलीगढ़ में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के बताए उपाय

अलीगढ़ (भीषण गर्मी की वजह से जनमानस का जीना मुहाल हो गया है। गर्म हवाओं के मध्य गर्मी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान व गर्मी के कारण लोगों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ता जा रहा है। चिकित्सक लोगों को हीट स्ट्रोक यानी लू की चपेट में आने की आशंका जता रहे हैं।मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रभारी अधिकारी आपदा एवं एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि कुछ सामान्य से एहतियात के साथ हीट स्ट्रोक से सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 01 मई को तापमान 40 से 50 डिग्री के मध्य रहने का पूर्वानुमान है। वहीं 02 एवं 03 मई को कहींकहीं तापमान 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने का पूर्वानुमान है।दैवीय आपदा प्रभारी और एडीएम वित्त मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक यानी लू के प्रभाव और कार्रवाई के बारे में सुझाव देते हुए बताया है कि आम जनता के लिए गर्मी सहनीय है, लेकिन कमजोर लोगों, जैसे शिशु, पुरानी बीमारी वाले बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य चिंता का विषय है। उच्च तापमान से उन लोगों में गर्मी की बीमारी के लक्षर्णो की संभावना बढ़ जाती है जो या तो लम्बे समय तक सूरज के संपर्क में रहते हैं या भारी काम करते हैं, जैसे औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक, मजदूर, किसान और पशुधन। उन्होंने बताया है कि दिन में 11 से 3 बजे के व्यस्त घंटों के दौरान गर्मी में ऐंठन, घमौरियां होने की संभावना है।उन्होंने सुरक्षात्मक सुझाव देते हुए बताया है कि विशेष रूप से दोपहर के समय लम्बे समय तक गर्मी के संपर्क में आने से बचें। हल्के, ढीले, हल्के रंग के, शरीर को ढकने वाले पूरे सूती कपड़े पहनें। सिर ढकें, बहार निकलते समय कपड़े, टोपी या छाते का प्रयोग करें। खुद को हाईड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर में बने पेय जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ का उपयोग करें। निर्जलीकरण से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं। कठिन कार्यों को दिन के ठंडे समय में करें। श्रमिक सीधी धूप से बचें। बाहर गतिविधियों के मध्य अंतराल रखें। गर्भवती और चिकित्सीय स्थिति वाले श्रमिक अपना विशेष ध्यान रखें।हीट स्ट्रोक, होट रैश या हीट ऐंठन जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना और दौरे के लक्षणों को पहचानें। यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर या अस्पताल में दिखाएं। उन्होंने किसान भाईयों को सलाह दी कि वह गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और अन्य फसल और सब्जियों में सिंचाई गतिविधियों को जारी रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं और उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।

# डॉ शंकर लाल शर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट ने हर्षोल्लास . से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

भगवान परशुराम के आदर्श से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए रू वाई. के. शर्मा डॉक्टर शंकर लाल शर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत के केंद्रीय कार्यालय कृष्णापुरी पर भगवान परशुराम का जन्मा. `त्सव हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाई .के .शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के सम्मुख दीप प्रज्जव. लित कर किया। अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम का दूध ,दही, शहद ,गंगाजल एवं घी से अभिषेक किया गया तथा भगवान का श्रंगार कर सभी भक्तों ने माला पहनाई। शंख, घंटा,घड़ियाल द्वारा भगवान की आरती उतारी गई।मुख्य अतिथि वाई के शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम ने आतातारी राजाओं का 21 बार वधकर पृथ्वी को बिहीन कर दिया, हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।कार्यक्रम में वयोबृद्ध सम्मान मास्टर सत्य



स्वरूप शर्मा,पवन गौड़ रेलवे, वाई के शर्मा एवं गिरिराज किशोर शर्मा एवं संरक्षक माया देवी को तथा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर अशोक शर्मा ,डॉक्टर मनोज कुमार, संरक्षक राकेश कुमार शर्मा एवं श्री श्री भग. वान गौड़ को माला, अंग वस्त्र, एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के बारे में विस्. तार से बताया तथा सभी का आभार व्यक्त कर भगवान परशुराम महोत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में मीरा शर्मा, महासचिव बेबी रानी ,प्रभा गौड़, विजेता पंडित ,साक्षी पंडित ,सुनीता गौड़ ,राजेंद्र शर्मा, मोहित शर्मा ,रजत शर्मा, आकाश पंडित ,दिव्यांश गौड़, लक्ष्य गौड़ विनायक गौड़ एवं अनय गौतम ने भगवान की आरती ली तथा प्रसाद ग्रहण किया ।

# बेशकीमती जमीन हुई अवैध अतिक्रमण मुक्त–अरबों की संपत्ति पर नगर निगम ने लगाया अपना बोर्ड

नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाई करते हुए ग्राम भमोला माफी स्थित नगला पटवारी में 7 गाटा संख्या से लगभग 41050 वर्ग मीटर भूमि पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से कब्जा प्राप्त कर नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगा दिया है। इस भूमि की अनुमानित लागत लगभग 1 अरब 26 करोड़ बतायी जा रही है बुधवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह और उप जिलाधिकारी कोल दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने भमोला माफी स्थित नगला पटवारी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई करते हुए बेश कीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगा दिया है।सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने बताया कि ग्राम भमोला माफी मे स्थित नगला पटवारी मे गाटा संख्या 92 जिसका क्षेत्रफल 1.094 हैव गाटा संख्या 94 जिसका क्षेत्रफल 0.749 हैव गाटा संख्या 95धे1 जिसका क्षेत्रफल 0. 449 हैव गाटा संख्या 95धे2 जिसका क्षेत्रफल 0.737 हैव गाटा संख्या 96 जिसका क्षेत्रफल 0.495 हैव गाटा संख्या 98 जिसका क्षेत्रफल 0.081 हैव गाटा संख्या 90धे1 जिसका क्षेत्रफल 0.500 हैव कुल 41050 वर्ग मीटर भूमि है जिसका मूल्य लगभग 1026250000 है को कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगवा दिया गया है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा अलीगढ़ नगर निगम नगरीय क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाये हुआ है आज की कार्यवाई अतिक्रमण करने वालों के लिए नजीर बनेगी नगर निगम इतिहास में पहली बार एक बार में अरबों की संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया जाना सराहनीय कदम है जिसके लिए नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम बधाई की पात्र हैये रहे मौजूद।उप जिलाधिकारी कोल दि. ग्विजयसिंह सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह तहसीलदार कोल अविनाश कुमार संपति लिपिक विजय गुप्ता एमपी सिंह आदि मौजूद थे।

# श्री वार्ष्णेय मंदिर अलीगढ पर अक्षय तृतीया पर हुए बांकेबिहारी के चरण दर्शन

श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार चरण दर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा एवं पंडित महेश बृहमचारी ने विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भक्तों को ठाकुर जी के चरणो के दर्शन कराये । भक्त ठाकुर जी के चरण दर्शन कर गदगद हो उठे राधे राधे के जयकारों से सम्पूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा । चरण दर्शनों का लाभ भक्त देर रात्रि तक लेते रहे, ठाकुर जी को गोले का प्रसाद भी समर्पित किया ।श्री वार्ष्णेय मंदिर सोसायटी के व्यवस्थापक एवम सचिव राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप ने इस अवसर पर विशेष पूजा की । राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप के अनुसार मथुरा वृन्दावन की तर्ज पर श्री वार्ष्णेय मंदिर अलीगढ पर यह विशेष व्यवस्था की गयी है । भगवान श्रीराधाकृ ष्ण के चरणों की पवित्र रज में साधनारत भक्तों को बद्रीनाथ दर्शन का पुण्य न मिले, ये संभव नहीं है। भक्तों को इसी रज में साधना करते हुए बद्रीनाथ दर्शन का पुण्य दिलाने को ठा. बांकेबिहारी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास ने करीब पांच सौ वर्ष पहले खास परंपरा की शुरुआत की। इस दिन स्वामी हरिदास ने अपने लड़ैते ठाकुर बा. ंकेबिहारी के संतों को चरण दर्शन करवाए। तभी से वर्ष में एक ही दिन ठाकुर बांके. बिहारीजी अपने भक्तों को चरण दर्शन देते हैं। ठाकुरजी के चरणों में चंदन गोला अर्पित किए जाते हैं। ठाकुरजी धोती–कुर्ता के साथ स्वर्ण आभूषण धारण कर भक्तों को दर्शन देते हैं।अक्षय तृतीया के दिन प्राचीन परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को चंदन की प्रसाद समर्पित की जाती है। ठाकुरजी के चरणों में ही सबसे बड़ा खजाना है । इस अवसर पर राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप, एल डी वार्ष्णेय, डा प्रदीप वार्ष्णेय, धीरेंद्र फोटो वाले, गुलाब चंद सुपारी वाले, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, रौनक गुप्ता, जितेंद्र जीतू वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट, दिनेश भट्टे वाले, विष्णु भैया, गौरव गुप्ता ब्रास, अनिल वार्ष्णेय सासनी वाले, बृजेश कंटक, उमेश सरकोंडा, अनमोल वार्ष्णेय कोणार्क पाइप, नीरू वार्ष्णेय, राहुल स्क्रैप, पूर्व पार्षद अलका गुप्ता , योगेश वार्ष्णेय बंटी, पारस गुप्ता, संतोष डिब्बा, अनूप गुप्ता, राजू गनपत, जितेंद्र जीतू , कान्हा वार्ष्णेय , सुनील मित्तल, नितिन स्वरूप वे. बसाइट , मनोज ठेकेदार , दुर्गेश वार्ष्णेय, ख्यालीराम वार्ष्णेय, देवेंद्र भोला, लक्ष्मी वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय दिनेश, हीरेंद्र अग्रवाल, विष्णु हरी गुप्ता , निखिल वार्ष्णेय, नीटू शर्मा, गिरीश वार्ष्णेय, विशाल बंटी जैसवाल आदि उपस्थित रहे ।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की गई। सर्वप्रथम जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में बताया गया कि माह मार्च में 103 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें मृतकों की संख्या 45 है, जबकि विगत वर्ष मार्च में 97 दुर्घटनाएं हुई थीं जिनमें 52 लोगों की मृत्यु हुई थी। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी सड़क दुर्घटनाओं का ऑडिट कराते हुए घटनाओं की वजह बताते हुए समाधान प्रस्तुत करें साथ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए।सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर विचार–विमर्श करते हुए समाप्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं रोकना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। एक व्यक्ति की अचानक मृत्यु हो जाने पर उसका प्रभाव केवल परिवार पर ही नहीं अपितु समाज पर भी पड़ता है, इसलिए सभी अधिकारी सड़क सुरक्षा के मामलों में पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें।जिलाधिकारी ने एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर कोई भी अवैध कट न हो, ऐसे सभी अवैध कटों को तत्काल बन्द कराया जाये। उन्होंने कहा



कि ऐसे मार्ग जो गांव से हाईवे पर आकर मिलते हैं, उन पर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर अवश्य लगा हो। डीएम ने आगामी माह में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अन्य स्टेक होल्डर विभागों को संयुक्त रूप से रामघाट रोड को एक्सीडेंट प्रोन एरिया बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। यातायात निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि ओवर स्पीडिंग के 3869, बिना हैलमेट के 26585 दुपहिया वाहनों, बिना शीट बैल्ट के 2002, रैड लाइट जंपिंग के 7914, रांग साइड 1199, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 932 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई है।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एआरटीओ प्रवेश कुमार, पीटीओ ज्योति सिंह, मथुरा प्रसाद, अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार, संजीव पुष्कर, पीडी एनएचएआई इंद्रेश कुमार, सलाहकार अरूण श्रीवास्तव, एआरएम राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गिलहराज जी मंदिर में वर्ष के एक बार होने वाले चन्दन श्रृंगार व चरण दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अलीगढ़।श्री गिलहराज जी महाराज पर पूरे वर्ष सिन्दूर का चोला चढ़ाया जाता है लकिन वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्री गिलहराज जी महाराज को चंदन श्रृंगार किया जाता है।वहीं वृंदावन से आए लाल व पीले चन्दन को अलग अलग घिस कर तैयार करने के उपरांत उसमे केसर को डाल कर रख दिया जाता है उसके बाद बाबा को चंदन का लेप लगाया जाता है।इसके अलावा बाबा को चन्दन का श्रृंगार मंदिर के महन्त योगी कौशल नाथ ने किया व शाम को बाबा की विशेष आरती की गई और भक्तों में बाबा के चन्दन का प्रसाद भी वितरण किया गया और बाबा के चन्दन श्रृंगार व चरणों के दर्शन करने को दूर दूर से श्रद्धालु आए और बाबा के वर्ष में एक बार होने वाले दिव्य श्रृंगार के दर्शन किए।

# कासगंज तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पति–पत्नी को रौंदा, एक की मौत

कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

कासगंज रू मंगलवार की रात सहावर से दावत खाकर वापस लौट रहे दंपत्ति को गांव बढ़ारी के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला के पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर मृतका के परिवार में को. हराम मचा हुआ है।सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मनोटा निवासी रिहान पुत्र रघुवीर सिंह और उनकी पत्नी आरसी मंगलवार की शाम को दावत खाने के लिए सहावर स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। वे रात आठ बजे के तकरीबन बाइक से घर वापस लौट रहे थे, तभी गांव बढ़ारी के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।इस हादसे में दोनों पति–पत्नी घायल हो गए। सूचना





पर पहुंची सहावर थाना पुलिस ने दोनों घायलों को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला के पति रिहान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।मृतका के परिजनों ने बताया कि आरसी पर तीन बच्चे हैं– बड़ा बेटा समर (12), अनस (10) और बेटी ईरा (8)। घटना को लेकर मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि मृतका के परि. जनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## कासगंज के आवास विकास कॉलोनी में एक निजी क्लीनिक पर 8 वर्षीय बच्ची की मौत

कासगंज के आवास विकास कॉलोनी में एक निजी क्लीनिक पर 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक के पिता ने डॉक्टर मोहम्मद मियां पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। थाना सोरों क्षेत्र के गांव सियपुर निवासी धीरज की बेटी चंचल को तीन दिनों से बुखार था। मंगलवार को उन्होंने बच्ची को डॉक्टर मोहम्मद मियां की क्लीनिक में भर्ती कराया। डॉक्टर ने खून की कमी बताते हुए बच्ची को ब्लड चढ़ाया और 5500 रुपए ले लिए।मृतक के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई परिजनों का आरोप है कि ब्लड चढ़ाने के बाद डॉक्टर क्लीनिक से चले गए। बच्ची की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर को बुलाया



गया। लेकिन वे नहीं आए। बच्ची की मौत के बाद डॉक्टर ने परिजनों को क्लीनिक से बाहर निकाल दिया। मृतक के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि डॉक्टर ने महज दो घंटे में खून चढ़ाकर लापरवाही की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अखिलेश यादव की फोटो लगाने पर भाजपा ने किया विरोध, माफी मांगने की मांग

बस्ती में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर हटाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाने का मामला सामने आया है। इस कार्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।कटेश्वर पार्क परिसर में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने काला फीता बांधकर प्रदर्शन किया और अखिलेश यादव से माफी की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कार्य दलित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी वोट बैंक की राजनीति के लिए दलित प्रतीकों का इस्तेमाल कर रही है।भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन करेंगे जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी और पोस्टर हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति पर भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में भाजपा नेता अखंड प्रताप सिंह, बागीश सिंह, सत्येंद्र सिंह भोलू, प्रमोद पांडे, रोली सिंह, अंकुर वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एटा में तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटा 50 बीघा भूमि खाली कराई, प्रशासन ने लगाया सूचना बोर्ड

एटा जिले के अलीगंज विकासखंड के ग्राम तिसौरी में प्रशासन ने तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटाया है। यह 50 बीघा जमीन गाटा संख्या 704ध्4.144 हेक्टेयर राज्य सरकार के नाम दर्ज है।कुछ ग्रामवासियों ने इस तालाब की जमीन पर कब्जा कर रखा था। प्रशासन की कई बार चेतावनी के बाद भी वे नहीं माने। उप जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार मोरल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, नायब तहसीलदार हिमांशु पांडेय और राजस्व टीम मौजूद रही।जेसीबी की मदद से जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासन ने जमीन खाली कराने के बाद वहां सूचना बोर्ड लगा दिया है। बोर्ड पर लिखा है कि यह भूमि तालाब के नाम दर्ज है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने कहा कि कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाबा साहब की तस्वीर से छेड़छाड़ पर BJP का विरोधअंबेडकर की आधी फोटो काटकर अखिलेश की फोटो लगाने का मामला

कासगंज में समाजवादी पार्टी लोहिया वा. हिनी द्वारा लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फ्लेक्स में बाबा साहेब अंबेडकर की आधी तस्वीर काटकर उसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव की फोटो लगाई गई थी।इस मामले में बुधवार को बीजेपी ने सोरों गेट स्थित अंब. ेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि पार्टी बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर बीजेपी बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लड़ाई लड़ेगी।जिलाध्यक्ष शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा हमेशा से दलितों का उत्पीड़न करती आई है। वह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बाबा साहेब की आधी तस्वीर में अपनी फोटो लगाकर खुद को उनके बराबर दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। बीजेपी ने सपा को इस मामले में चेता. वनी भी दी है।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर एआरटीओ की कार्रवाई एक लोडर सीज, बिना नंबर के ई–रिक्शा और अन्य वाहनों पर लगाया 64 हजार का जुर्माना

एटा के अलीगंज क्षेत्र में एआरटीओ सत्येंद्र कुमार गौतम ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। एटा–अलीगंज रोड और कायमगंज रोड पर की गई कार्रवाई में एक ओवरलोड लोडर को सीज किया गया। अधिकारियों ने सभी वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस और बीमा की जांच की। बिना नंबर चल रहे ई–रिक्शा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों पर कुल 64,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया।एआरटीओ सत्येंद्र सिंह ने वाहन मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोरों के निशाने पर, कवार से भी चोरी

सकीट। क्षेत्र के गांव कवार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मंगलवार की रात को चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। आरोग्य मंदिरों से एक माह में चोरी की यह चौथी घटना है। इससे पहले घुमरिया के आरोग्य मंदिर से चार दिन में दो बार और 1 अप्रैल को कंगरौल के आरोग्य मंदिर से हुई चोरी की घटना में चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सकीट क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। एक के बाद एक आरोग्य मंदिर को खंगालकर चोर लाखों रुपये के उपकरण चोरी कर चुके हैं। मंगलवार की रात को चोरों ने कवार गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को निशाना बनाया। यहां से चोर लाखों रुपये कीमत के उपकरण चोरी कर ले गए। इससे पहले घुमरिया गांव के आरोग्य मंदिर को चोरों ने 20 और 24 अप्रैल को खंगालकर लाखों रुपये कीमत के सोलर पैनल, इन्वर्टर, बेटरी, फ्रिज, फर्नीचर आदि सामान चोरी कर ले गए। इसकी रिपोर्ट रिजोर थाने में दर्ज कराई गई है।

## एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आगरा रोड पर बहादुरगढ़ गांव के पास दो कारों की आमने–सामने टक्कर

एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आगरा रोड पर बहादुरगढ़ गांव के पास दो कारों की आमने–सामने टक्कर हो गयी। जिसमें सवार 8 लोग घायल हो गए। एक कार में सवार परिवार अस्थि विसर्जन करके लौट रहा था। जबकि दूसरी कार में एक परिवार शादी समारोह में जा रहा था।घटना में ईको कार में सवार सुभद्रा देवी, रवि, सुल्तान, सुनील, रामबरन, कमला समेत कई लोग घायल हुए। ये सभी लोग सोरों कासगंज से अपने भाई की अस्थियां गंगा में विसर्जित करके जयपुर–ग्वालियर लौट रहे थे।कासगंज में सीएनजी भरवाने के बाद चालक को नींद का झोंका आ गया। इससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही पंच कार से टकरा गई।दूसरी कार में तुरसान पाल अपनी पत्नी शिमला और बच्चों के साथ शमशाबाद से भवानीपुर बैजनाथ, अलीगढ़ में शादी समारोह में जा रहे थे। इस कार में सवार एक व्यक्ति का हाथ टूट गया।हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से घायलों को कारों से बाहर निक. ाला गया। सभी घायलों को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। प्रा. थमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एटा के अलीगंज में पहली बार भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई

एटा के अलीगंज में पहली बार भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। डीएवी मैदान से शुरू हुई यात्रा जैथरा तक पहुंची। भाजपा नेता गोपाल शर्मा और प्रधान संघ के अध्यक्ष विष्णु मोहन मिश्रा की उपस्थिति में यात्रा का शुभारंभ हुआ।श्री श्री 1008 श्री ईश्वरदास ब्रह्मचारी, उद्योग. पति अजय चतुर्वेदी और विधायक प्रतिनिधि सूरज राठौर ने पूजन–आरती की। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए गांधी चौराहा और डाक बंगला तक पहुंची। मार्ग में नगरवासियों ने जगह–जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।सुरक्षा व्यवस्था के मद्द. ेनजर पूरे मार्ग पर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी रीतेश ठाकुर और अलीगंज थाना प्रभारी की देखरेख में यात्रा संपन्न हुई। युवा भाजपा नेता भानू प्रताप सिंह रा. ठौर और बिट्टू राठौर ने भंडारे का आयोजन किया।शोभायात्रा में युवा भगवान परशुराम



के प्रतीक फरसा और भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए भगवान परशुराम के जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में नीलू गौड़, शोभित पांडे, पुष्पा उपाध्याय, सचिन उपाध्याय, श्रृष्टि शर्मा, आर बी दुबे, संजय मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## कासगंज के एडीजे–01 कोर्ट ने एक पुराने अपहरण और हत्या मामले में आज अहम फैसला सुनाया

कासगंज के एडीजे–01 कोर्ट ने एक पुराने अपहरण और हत्या मामले में आज अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी किशनपाल उर्फ नन्हे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला 30 मार्च 2011 का है। एटा के थाना निधौली कलां के पिपहरा निवासी कमलेश ने थाना सहावर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि बदायूं के थाना उझानी के किनापुर गांव का किशनपाल ने उनके पिता चोब सिंह का अपहरण कर लिया है।जांच के दौरान चोब सिंह का शव बरामदपुलिस ने मामले में धारा 364 के तहत केस दर्ज किया। जांच के दौरान चोब सिंह का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने धारा 302 और 201 भी जोड़ दी। आरोपी किशनपाल को




गिरफ्तार कर 29 जून 2011 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई।कासगंज की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में पुलिस ने मामले में मजबूत पैरवी की। विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह और पैरो. कार हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ने सभी गवाहों को समय पर कोर्ट में पेश किया। पुलिस और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के चलते कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया।

